
# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# दून पहला शहर जहां से चाइल्ड फ्रेंडली शहर की हो रही शुरूआत

## सीएम ने किया चाइल्ड फ्रेंडली और क्म्यूट फ्रेंडली ट्रांसपोर्ट परियोजना का औपचारिक शुभारम्भ

**निर्देश**

**संवाददाता**




देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शनिवार को आईएसबीटी के निकट स्थानीय होटल में दून स्मार्ट सिटी लि. की चाइल्ड फ्रेंडली और क्म्यूट फ्रेंडली ट्रांसपोर्ट परियोजना का औपचारिक शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत, नोबल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी, भारत में फ्रांस के राजदूत एमानुवेल लिनेन, मेयर सुनील उनियाल गामा, विधायक हरबंस कपूर, विनोद चमोली, सहदेव सिंह पुण्डीर ने बच्चों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि देहरादून देश का पहला शहर है, जहां से चाइल्ड फ्रेंडली शहर की शुरूआत हो रही है। यह उत्तराखण्ड के लिए सम्मान की बात है। सम्मानजनक होने के साथ–साथ, यह चुनौतीपूर्ण भी है। उन्होंने कहा कि संवेदनाओं की पराकाष्ठाओं से ही कैलाश सत्यार्थी जैसे लोग पैदा होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई शहर तभी स्मार्ट हो सकता है, जहां बच्चों की सुरक्षा हमारा उद्देश्य होना चाहिए। इसके लिए हम सबको मिलकर प्रयास करने होंगे। देहरादून स्मार्ट सिटी की चाईल्ड फ्रेंडली और कम्यूट फ्रेंडली ट्रांसपोर्ट परियोजना, शहर में बच्चों के लिए सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराने में निश्चित रूप से सफल होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों के प्रति दोस्ताना व्यवहार रखने की आवश्यकता है। राज्य सरकार भी बच्चों के प्रति संवेदनशील है। राज्य सरकार द्वारा अनाथ बच्चों के लिए 5 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गयी है। इसके साथ ही प्रदेश में मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना प्रारम्भ की जा रही है। इस परियोजना की सफलता के लिए राज्य सरकार द्वारा पंचायत स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाएंगे। बच्चों की सुरक्षा का हम आज से ही संकल्प लेना होगा। इसकी शुरूवात स्वयं से करना जरूरी है। शांति नोबल पुरस्कार विजेता श्री कैलाश सत्यार्थी ने कहा कि मैं जब भी उत्तराखण्ड आता हूं, ऐसा लगता है कि यहां की हवाओं में ऋषि परम्परा एवं अध्यात्म की चेतना गूंज रही है। बाल मित्र देहरादून का सपना यही ऋषि परम्परा है। उत्तराखण्ड सरकार ने यह कदम रखकर बड़ी जिम्मेदारी उठा ली है। इस जिम्मेदारी का निर्वहन सरकार के साथ ही समाज, विभिन्न संस्थानों एवं मीडिया को मिलकर करना होगा। इस जिम्मेदारी को अंजाम तक पहुंचाने के लिए बहुत परिश्रम की आवश्यकता है।

बाल अधिकारों की रक्षा एवं बाल श्रम के विरूद्ध हमें मजबूती के साथ खड़ा होना होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए ईश्वर हमें प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि मैं बच्चों को आजाद नहीं कराता, बल्कि वे मुझे आजाद कराते हैं। जब तक हम ऐसी दुनिया का निर्माण नहीं करते जहां बच्चों में मित्रता का भाव न हो, तब तक हमारी सभ्यता में कहीं न कहीं खोट है। श्री कैलाश सत्यार्थी ने कहा कि हमारे मन में ईमानदारी, करूणा एवं क्षमा का भाव होना जरूरी है।

## न्यूज डायरी

### स्मार्ट सिटी की तर्ज पर रूद्रपुर शहर के विकास को डीएम ने ली बैठक

**संवाददाता** रूद्रपुर। स्मार्ट सिटी की तर्ज पर रूद्रपुर शहर का विकास करने के लिये जिलाधिकारी डा. नीरज खैरवाल की अध्यक्षता में बैठक कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जनपद में सिटी सेन्टर की स्थापना के लिये विचार विमर्श किया गया। इसके लिये यूआईआरडी (उत्तराखण्ड ग्रामीण विकास संस्थान) की भूमि पर इसकी स्थापना हेतु विचार किया गया। जिलाधिकारी ने कहा सिटी सेन्टर को नोएडा की तर्ज पर विकसित किया जाये। जिसमे हैल्थ क्लब, जिम, मल्टी फ्लैक्स, पार्किंग, होटल टावर, शॉपिंग मॉल, बैंक आदि सुविधायें एक ही स्थान पर होनी चाहिये। उन्होंने कहा रूद्रपुर में नई गल्ला मंडी व ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना एएनझा इण्टर कालेज की 58 एकड़ चिह्नित भूमि में किया जायेगा। उन्होंने कहा शीघ्र ही गैस गोदाम की जगह को भी खाली कर गैस गोदाम को अन्यत्र ले जाया जायेगा।

### सत्र 2020–21 में कक्षा एक से पांच तक प्रवेश को पंजीकरण आज से

**संवाददाता** रूद्रपुर। राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय रूद्रपुर में आगामी सत्र 2020–21 में प्रवेश हेतु पंजीकरण आरम्भ किया जा रहा है। जानकारी देते हुए राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, रूद्रपुर की अधीक्षक आराधना त्रिपाठी ने बताया अनुसूचित जाति के निर्धन अभिभावक अपने 06 वर्ष से 12 वर्ष तक के बच्चों को राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय रूद्रपुर में सत्र 2020–21 में कक्षा 01 से कक्षा 05 तक प्रवेश हेतु रविवार 01 मार्च से पंजीकरण करवा सकते हैं।

### 15 मार्च को निकाली जायेगी जागरूकता रैली

**संवाददाता** हरिद्वार। उत्तराखण्ड वनाधिकार के जनक पूर्व मंत्री उत्तराखण्ड सरकार किशोर उपाध्याय के नेतृत्व व जगपाल सिंह सैनी क्षेत्रीय संयोजक के संयोजन में उत्तराखण्ड वनाधिकार आन्दोलन के बैनर तले क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर लालढांग क्षेत्र में 15 मार्च को स्कूटर/मोटर साइकिल रैली के माध्यम से एक जागरूकता रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह रैली गैण्डीखाता से प्रातः 9 बजे से प्रारम्भ होकर कटेबड़, चमरिया, आर्यनगर, लालढांग, रसूलपुर, मंगोलपुरा, अन्दर व बाहर पीली, श्यामपुर होते हुए कांगड़ी गांव में सायं 3 बजे समाप्त होगी जहां वनाधिकार आन्दोलन से जुड़े नेता सभी को सम्बोधित करेंगे। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व उत्तराखण्ड वनाधिकार आन्दोलन के बैनर तले क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर ग्राम बादशाहपुर से ग्राम अजीतपुर तक सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पदयात्र की थी, इस पदयात्रा का गांववासियों ने भव्य स्वागत किया था।

## लापता जवान हवलदार राजेन्द्र सिंह की पत्नी को सौंपा आर्थिक सहायता का चैक

**सहायता**

देहरादून। **संवाददाता**



मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत के विशेषकार्याधिकारी धीरेन्द्र पंवार एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण परिषद् के उपाध्यक्ष खेमसिंह पाल ने शनिवार को 11वीं गढ़वाल राइफल्स के लापता जवान हवलदार राजेंद्र सिंह के आवास पर जाकर उनके परिवार की कुशल क्षेम पूछी। विशेषकार्याधिकारी श्री पंवार ने लापता जवान हवलदार राजेन्द्र सिंह की पत्नी को आर्थिक सहायता का चैक देते हुए कहा कि सरकार हवलदार राजेंद्र सिंह जी के परिवार की हरसंभव मदद करेगी।

ज्ञातव्य हो कि मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत 11 फरवरी 2020 को दून स्थित सैन्य अस्पताल में भर्ती 11वीं गढ़वाल राइफल्स के लापता जवान हवलदार राजेंद्र सिंह जी की पत्नी की कुशल क्षेम पूछने भी पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने हवलदार राजेन्द्र सिंह की पत्नी को ढांढ़स बंधाते हुए कहा कि रक्षामंत्री जी से मुलाकात करते हुए उनके समक्ष इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया गया था। उन्होंने कहा कि हवलदार राजेन्द्र सिंह के वेतन को पुनः शुरू किए जाने का भी अनुरोध किया गया था।

## सीएम से की भारत में फ्रांस के राजदूत ने शिष्टाचार भेंट



**संवाददाता** देहरादून, 29 फरवरी। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में भारत में फ्रांस के राजदूत एमानुवेल लिनेन ने शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री से विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा की। फ्रांस के राजदूत ने मुख्यमंत्री से प्रदेश में शिक्षा, स्मार्ट सिटी, मेट्रो, एडवेंचर एक्टिविटी, वैलनेस एवं रोपवे के क्षेत्र में सहयोग की इच्छा जताई। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का ग्राम्य विकास, पेयजल, स्मार्ट सिटी रोपवे, सीवरेज एवं पर्यटन के विकास पर विशेष ध्यान है।

## जिलाधिकारी ने किया भीमताल स्थित बाल ग्राम का निरीक्षण

**संवाददाता** भीमताल। जिलाधिकारी सविन बंसल ने शनिवार की दोपहर भीमताल स्थित बाल ग्राम (एसओएस चिल्ड्रन) का निरीक्षण किया तथा वहॉ मौजूद बच्चों से मुलाकात की। जिलाधिकारी को अपने बीच पाकर बच्चे काफी खुश एवं उत्साहित नजर आये और बच्चों ने उनसे खुलकर बात की। जिलाधिकारी ने भी मुस्कराकर बच्चों का अभिवादन स्वीकार किया तथा ग्रुप फोटो भी कराये। कई बच्चों ने जिलाधिकारी के साथ सैल्फी भी उतारी। जिलाधिकारी बंसल ने मौके पर मौजूद जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन को निर्देश दिये कि वह यहॉ बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर कैम्प का आयोजन कराकर सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण भी कराये। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों के बैंक खाते खोले जाएं इसके लिए लीड बैंक प्रबन्धक से समन्वय कर बाल ग्राम में खाते खोलने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। उन्होंने निरीक्षण के बाद बाल ग्राम की व्यवस्थाओं सफाई, भोजन आदि पर संतोष व्यक्त किया।

## बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान में सराहनीय कार्यों के लिए जनपद नैनीताल का चयन

**संवाददाता**

### महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव ने पत्र भेजकर डीएम को दी बधाई

नैनीताल। बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान के लिए समर्पण भाव से कार्य कर रहे जिलाधिकारी सविन बंसल ने अल्प समय में वह कार्य किये हैं जिनकी गूंज दिल्ली तक पहुँच चुकी है।

भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान के तहल अद्वितीय एवं अनोखे कार्य करने के लिए उत्तराखण्ड से जनपद नैनीताल का चयन किया है। इस बाबत महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव आस्था सक्सेना खटवानी ने पत्र भेजकर जिलाधिकारी को बधाई दी है और बताया है कि राष्ट्रीय स्तर पर बालिकाओं के लिए समर्पित इस कार्यक्रम के तहत देशभर के चयनित जनपदों में हुए उल्लेखनीय कार्यों पर आधारित 25 कहानियों का समावेश करते हुए फिल्म बनायी जा रही है। जनपद नैनीताल से बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान पर आधारित वॉल पेंटिंग कार्य को कहानी के तौर पर चयन किया गया है। पत्र में बताया गया है कि बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ के सम्बन्ध में देश की राजधानी दिल्ली में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें इस योजना के अन्तर्गत बेहतर काम करने वाले लोगों को सम्मानित किया जायेगा। इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी बंसल ने सभी जनपद वासियों के साथ ही बालिकाओं, शिक्षण संस्थानों महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं और कहा है कि सभी के अथक प्रयासों से जिले को यह मुकाम हासिल हुआ है। उन्होंने बताया कि जनपद में बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान को और बुलन्दी पर ले जाया जायेगा ताकि यह अभियान जन आन्दोलन के रूप में क्रियान्वित हो।

गौरतलब है कि विगत छह महीने से जिलाधिकारी द्वारा स्वयं बच्चियों के साथ मिलकर जिलेभर की खाली दीवारों पर सुन्दर चित्र उकेरने का काम किया है। बंसल का मानना है कि बेटी है तो कल है। संस्कारवान एवं शिक्षित बेटी दो परिवारों में उजाला पहुँचाती हैं।